(दो) अभिरूचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट)/योग्यता हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन) की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों को लघुसूचीबद्ध करने के उद्देश्य से किया जाता है ताकि वह प्रस्ताव हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) के समय वित्तीय निविदा प्रस्तुत करें। इसका उद्देश्य विश्वसनीय निविदादाताओं की पहचान करना है जो परियोजना के क्रियान्वयन के लिए निर्धारित तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता रखते हों। अधिक से अधिक भागीदारी प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) में यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रस्ताव तैयार करने में बहुत अधिक धनराशि व्यय नहीं करनी पड़े।

(तीन) पूर्व योग्यता के उद्देश्य से वांछित सूचना को सामान्यतः परियोजना के सुसंगत तकनीकी एवं वित्तीय क्षमता तक सीमित रखा जाय। ऐसी सूचनायें स्पष्ट एवं मात्राकृत होनी चाहियें ताकि सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो और सरकार को किसी विवाद अथवा विरोधाभास का सामना न करना पड़े।

(चार) मूल्याँकन की निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभिरूचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट)/योग्यता हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन) तथा उसके बाद प्रस्ताव हेतु अनुरोध (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) के माध्यम से निविदादाताओं के चयन के लिए एक समिति गठित की जाय, जिसमें समान प्रकार की परियोजना/प्रौद्योगिकी से भिज्ञ विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाये।

(च) ऐसे प्रकरण, जिनमें एकल स्रोतों से अधिप्राप्ति की जा सकती है, यदि–

(एक) सामग्री या निर्माण सामग्री मात्र एक ही विशेष आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार के पास उपलब्ध हो या विशेष आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार का उस सामग्री या निर्माण कार्य पर एकाधिकार हो और उसका युक्तियुक्त विकल्प या प्रतिस्थापन उपलब्ध न हो,

(दो) ऐसी सामग्री या निर्माण की तत्काल आवश्यकता हो और इसलिए स्पर्धात्मक निविदा प्रणाली लागू करना व्यवहारिक न हो, बशर्ते कि ऐसी तात्कालिकता की विलम्बकारी परिस्थितियों का अधिप्राप्ति इकाई को न तो पूर्वाभास था और न ही यह उनके उदासीन आचरण के कारण हुआ हो,

(तीन) प्राकृतिक आपदा के कारण जब सामग्री या निर्माण की तत्काल आवश्यकता हो एवं अधिप्राप्ति के अन्य विकल्प समय की दृष्टि से व्यवहारिक न हों,

(चार) यदि अधिप्राप्ति करने वाली इकाई, जिसने पूर्व में किसी उपस्कर आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार से सामग्री, उपस्कर अथवा प्रौद्योगिकी प्राप्त की हो, यह निर्णय लेती है कि अतिरिक्त आपूर्ति या निर्माण की अधिप्राप्ति उसी आपूर्तिकर्ता अथवा ठेकेदार से पूर्व में उपलब्ध सामग्री या उपस्कर या प्रौद्योगिकी के मेल खाने (कम्पेटिबिलिटी) के लिए ली जानी आवश्यक है, और

(पाँच) ऐसे सभी प्रकरणों में एकल स्रोतों अधिप्राप्ति की प्रक्रिया अपनाने के पूर्व, उपयुक्त कारणों को अभिलेखित किया जाय।

(ii) Eligibility criteria for post qualification along with evaluation system, if any, should be clearly spelt out in detail. In addition to other requirement which procuring entity may consider necessary, following be spelt out clearly :--

(1) Experience on similar works executed during the last five years and details like monetary value, proof of satisfactory completion of works etc.

(2) Registration, if any, with specified Departments/Organizations, Class/Type of Registration to fulfil the eligibility criteria.

(3) Documentary evidence of adequate financial standing of certain specified value of contract amount.

(e) Tenders for works of a complex nature--

(i) For works which would require a high degree of technical skill and or involve complex or innovative technology, the competent authority may decide to select the contractors by following the EOI/RFQ route. Under this methodology, the procurement process is divided into two stages. In the first stage, eligible and prospective bidders are short listed. This stage is generally referred to as Request for Qualification (RFQ) or Expression of Interest (EOI). The objective is to short-list eligible bidders for stage two of process. In the second and final stage, which is generally referred to as the Request for Proposal (RFP) or invitation of financial bids, the bidder engages in a comprehensive scrutiny of the project before submitting their financial offers.

(ii) The EOI/RFQ process should aim at short-listing and pre qualifying applicants, who will be asked to submit financial bids in the RFP stage. The objective is to identify credible bidder who have the requisite technical and financial capacity for undertaking the projects. In order to encourage greater participation the RFQ document should not require respondents to incur significant expense in preparing a response.

(iii) The information sought for the purpose of pre-qualification should generally be restricted to technical and financial capabilities that are relevant to the project. Such information should be precise and quantified so that the process of short-listing is fair and transparent, and does not expose the government to disputes or controversies.

(iv) To ensure a fair and transparent system of evaluation at the RFQ/EOI stage followed by the final selection of bidder at the RFP stage, the competent authority shall constitute a Committee which shall also include experts familiar with similar type of projects/technology.

(f) Single-source procurement may be adopted in case, if--

(i) The goods or construction material are available only from a particular supplier or contractor, or a particular supplier or contractor has exclusive rights in respect of goods or construction, and no reasonable alternative or substitute exists,

(ii) There is an urgent need for the goods or constructions and engaging in competitive tendering process would, therefore, be impractical, provided that the circumstances giving rise to the urgency were neither foreseeable by procuring entity nor the result of dilatory conduct on its part,

(iii) Owing to a natural calamity, there is an urgent need for the goods or constructions, making it impractical to use other methods of procurement because of the time involved in using those methods,

(iv) The procuring entity, having procured goods, equipments or technology from a supplier or contractor, determines that additional supply must be procured from that supplier or for compatibility with existing goods, equipments or technology, and

(v) In all such cases, suitable reasons will be recorded in writing before resorting to single source procurement.

34. दरों की अनुसूची (शेड्यूल ऑफ रेट्स)–

(1) सामान्य रूप से प्रयोग होने वाली सामग्री/वस्तुओं हेतु नियमित अन्तराल पर लोक निर्माण विभाग की मानक दरों की अनुसूची प्रकाशित की जाये, जिसकी प्रति सम्बन्धित समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों को उपलब्ध करायी जाय। इस प्रकार के दरों की अनुसूची के आधार पर ही मात्रा विवरण (बिल ऑफ क्वान्टिटीज) तैयार किया जाय ताकि उसी आधार पर निविदादाताओं से निविदायें प्राप्त की जायं। यदि ऐसी दरों में परिवर्धन या कोई अतिरिक्त सामग्री आवश्यक हो तो उसका उल्लेख निविदा में स्पष्ट रूप से किया जाय।

(2) अनुबन्ध करने के लिए प्रत्येक वस्तु की दरों की अनुसूची दरों के विश्लेषण के आधार पर तैयार कर उसका समूचित प्रलेखन किया जाय और यथासम्भव पारदर्शिता के लिए ''वेबसाइट'' पर भी रखा जाय।

(3) दरों की अनुसूची सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाय, जो सामान्यतः संगठन का प्रमुख होता है।

(4) बाजार में सामग्री की दर में जब भी विशेष उतार–चढ़ाव हो तो दरों की अनुसूची पुनरीक्षित की जाय। साधारणतः इसे कम से कम प्रत्येक वर्ष में एक बार अद्यावधिक किया जाय।

35. बोनस एवं परिनिर्धारित नुकसान (लिक्विडेटेड डैमेजेज)–

(1) कोई कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले पूरा हो या अनपेक्षित, अप्रत्याशित घटनाओं के कारण विलम्ब से पूरा हो एवं ऐसे प्रकरणों में जहाँ किये गये अतिरिक्त प्रयास या ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई हो जो अधिप्राप्तिकर्ता या निविदादाता के नियंत्रण के बाहर हो, श्रेय एवं दायित्व निर्धारण का प्रभाजन कभी–कभी कठिन होता है। अतः जल्दी कार्य पूरा होने पर लाभ देने एवं विलम्ब हेतु दण्डित करने का प्राविधान संविदा में अत्यन्त न्यायपूर्ण ढंग से किया जाय।

(2) साधारणतया, निविदा आमंत्रित करते समय ही कार्य पूरा करने की अवधि का पूर्व निर्धारण किया जाय। निर्धारित समय से पहले कार्य पूरा होने पर, पुरस्कार अत्यन्त सावधानी से उनसे प्राप्त होने वाले वास्तविक लाभों के मूल्याँकन के पश्चात्, कभी–कभी ही, निर्धारित किया जाय एवं उसका निविदा दस्तावेजों में ही स्पष्ट वित्तीय स्वरूप में उल्लेख किया जाय।

(3) यदि कार्य संविदा की शर्तों में निहित समय से विलम्ब से किया जाय तो परिनिर्धारित नुकसान की धनराशि विशिष्ट रूप से इंगित दर पर उदगृहित की जाय, परन्तु ऐसी धनराशि संविदा के कुल मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक न हो। निविदा दस्तावेज में ही चिन्हित कमियों, गलतियों, उपेक्षाओं, कृत्यों आदि का उल्लेख कर स्पष्ट रूप से वित्तीय स्वरूप में दण्ड प्रस्तावित किया जाय।

36. धरोहर धनराशि, कार्यपूर्ति गारण्टी, प्रतिभूति निक्षेप, बोनस तथा परिनिर्धारित नुकसान–

साधारणतया निम्नलिखित प्रतिशत विनिर्दिष्ट किये जा सकते हैं, परन्तु वास्तविक धनराशि अधिप्राप्ति इकाई द्वारा कार्य के प्रकार, कार्य की मात्रा तथा अत्यावश्यकता को देखते हुए विनिश्चित की जा सकती है :–

(क) धरोहर धनराशि :–

| | |
|---|---|
| 1. रु0 25 करोड लागत तक के अनुमानित कार्य के लिए | अनुमानित लागत का 02 प्रतिशत |
| 2. रु0 25 करोड लागत से अधिक के अनुमानित कार्य के लिए | रु0 50 लाख + रु0 25 करोड़ से अधिक अनुमानित लागत का 01 प्रतिशत |

(ख) कार्यपूर्ति गारण्टी–संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत;

(ग) प्रतिभूति निक्षेप–संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत;

(घ) बोनस–संविदा मूल्य का 01 प्रतिशत प्रतिमाह परन्तु अधिकतम संविदा मूल्य का 05 प्रतिशत

(ङ) क्षतिपूर्ति–मरम्मत के कार्य के लिए रु0 10 लाख तक संविदा मूल्य का 01 प्रतिशत प्रति सप्ताह तथा अन्य समस्त निर्माण कार्यों में विलम्ब के लिए संविदा मूल्य का 0.5 प्रतिशत (आधा प्रतिशत) प्रति सप्ताह, परन्तु अधिकतम संविदा मूल्य का 10 प्रतिशत।

37. मूल्य में परिवर्तन–

(1) मूल्य में परिवर्तन संबंधी यह प्राविधान निर्माण सामग्री/श्रमिक के मूल्यों के कम या अधिक होने की स्थिति से सम्बन्धित है, परन्तु यह उन संविदाओं पर लागू नहीं होगा जिनके पूर्ण होने की अवधि 18 माह या उससे कम हो।

(2) श्रमिकों, पेट्रोल/तेल, निर्माण सामग्री के मूल्यों में कमी या वृद्धि होने की स्थिति में ठेकेदार को देय धनराशि समायोजित की जायेगी, जिसके लिये उपयुक्त सूत्र (फार्मूला) निर्धारित किया जाय।

(3) यदि संविदा के प्राविधानों में लागत के कम या ज्यादा होने पर पूर्णतः क्षतिपूर्ति आच्छादित न हो तो इकाई दरें या मूल्य, जिनका उल्लेख संविदा में हो, लागत में ऐसी अन्य आकस्मिक उतार–चढ़ाव की क्षतिपूर्ति की राशि में शामिल माना जायेगा। इसके लिए सूत्र सामग्री/श्रमिक/पेट्रोल एवं तेल, लागत सूचकांक/आधारभूत मूल्य पर आधारित हो सकता है। सूचकांक की उपयुक्तता से सम्बन्धित मुद्दे हेतु ठेकेदार द्वारा प्रस्तावित संविदा मूल्य जिन स्रोतों या जिस मानक पर आगणन आधारित हो, से जोड़ा जा सकता है।

(4) निविदा प्रस्तुत करने के बाद यदि किसी सांविधिक विनियम या उपनियम के प्रभावी होने से लागत में ठेके के क्रियान्वयन के दौरान कमी या बढ़ोत्तरी होती है, लागत में ऐसी अभिवृद्धि या कमी हुई लागत (जो मूल्य सूचकांक में सम्मिलित हो, को छोड़कर) को संविदा मूल्य में जोड़ा या उससे घटाया जाय।

38. बिना कोटेशन के निर्माण कार्य अधिप्राप्ति–

तत्काल आवश्यकता या छोटे कार्य, यथा–छोटे मरम्मत कार्य, प्रतिस्थापन, रास्ता खोलने हेतु भू–स्खलन की सफाई आदि, जिसकी लागत रु0 15,000 (रु0 पन्द्रह हजार) तक हो, बिना कोटेशन के सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से या इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी, निम्नलिखित प्रमाण–पत्र लिख कर कार्य करा सकता है :–

"मैं ________________ नाम), व्यक्तिगत रूप से सन्तुष्ट हूँ कि ________________ कार्य जो

ठेकेदार/प्रखण्ड के माध्यम से कराया गया है, अपेक्षित गुणवत्ता विशिष्टियों के अनुरूप है।"

हस्ताक्षर ________________

अधिकारी का नाम ________________

पद नाम ________________

39. बिना निविदा आमंत्रित किये कार्यादेश (वर्कऑर्डर) पर आधारित निर्माण कार्य–अधिप्राप्ति–

सक्षम प्राधिकारी प्रत्येक अवसर पर कम से कम तीन पंजीकृत ठेकेदारों से कोटेशन प्राप्त कर रु0 1,00,000 (रु0 एक लाख) तक लागत के कार्य करा सकता है। बिना निविदा/कार्यादेश के माध्यम से कार्य केवल आपात स्थिति में कराया जा सकता है, जिसके लिए समुचित कारण अभिलिखित किये जाने चाहिएं।

40. बोली/निविदा प्राप्त कर कार्यों की अधिप्राप्ति–

सक्षम प्राधिकारी विभिन्न प्रकार की संविदा, यथा प्रतिशत पर आधारित दर संविदा, सामग्रीवार दर संविदा, कार्य दर (आइटम रेट), एकमुश्त संविदा आदि, जिनका विवरण निम्नानुसार है, के अनुसार कार्यों की अधिप्राप्ति करेगें:–

(क) प्रतिशत पर आधारित दर संविदा :–
प्रतिशत दर पर आधारित निविदा के अन्तर्गत ठेकेदारों को कुल अनुमानित लागत के सापेक्ष प्रतिशत के रूप में उच्च अथवा नीचे समग्र प्रतिशत दर इंगित/उद्धृत करनी होगी। इस किस्म की निविदा का उपयोग अनुरक्षण कार्य, समतलीकरण तथा विकास कार्य, जिसमें ऐसे कार्य जैसे बाढ़/बरसात के जल की निकासी, जल सम्पूर्ति तथा मलजल प्रवाह नालियां (सीवर लाइन) सम्मिलित हैं, हेतु किया जा सकता है। इस प्रकार की प्रतिशत दर विषयक संविदा केवल रु0 10,00,000 (रु0 दस लाख) तक मूल्य के अनुरक्षण कार्यों तक सीमित होगी। अन्य सभी कार्य की संविदा भली भांति सुनियोजित होनी चाहिए तथा एक मुश्त संविदा की तरह दिये (एवार्ड किये) जाएंगे।

(ख) सामग्रीवार दर संविदा :–
सामग्रीवार दर (आईटम रेट) संविदा के लिए पूर्व प्रकार की भाँति क्रेता द्वारा प्रत्येक वस्तु हेतु मात्रा का देयक (बिल ऑफ क्वान्टिटि) तैयार किया जाय, परन्तु निविदा में प्राक्कलित दरें न दर्शायी जायें। निविदादाता से यह अपेक्षा की जाय कि वह कार्य की प्रत्येक की दर अलग–अलग दर्शायें। ऐसी संविदा के प्रकरणों में निविदादाताओं को कार्य की प्रत्येक सामग्री हेतु दरें प्रस्तुत करनी होंगी।

(ग) आंशिक कार्य दर (पीस वर्क) :–
छोटे कार्य या किसी बड़े कार्य के एक छोटे भाग हेतु इस प्रकार की संविदा की जा सकती है, किन्तु सम्पूर्ण कार्य के लिए ऐसी संविदा नहीं की जा सकती। यह विशेषकर रु0 1,00,000 (रु0 एक लाख) तक के अनुरक्षण कार्यों हेतु उपयोगी होता है। दूरस्थ क्षेत्रों/दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में स्थायी संनिर्माणों या रखरखाव हेतु इस प्रकार की स्थल या एकल स्रोत निविदा के सिद्धान्त पर संविदा की जाय, जिसका मूल्य एक लाख रुपये तक हो। दूरस्थ क्षेत्रों, दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र या अति विशिष्ट स्थिति में, जैसे–बादल फटना, भूस्खलन, सड़क अवरुद्ध होने आदि की स्थिति में, तात्कालिक और अत्यावश्यक कार्यों के लिए मानक आधार पर एकल निविदा के आधार पर भी संविदा प्रदान की जा सकती है, परन्तु दरें, अनुबन्ध की दरों या खुले बाजार की दरों पर आधारित हों। भुगतान, माप करके एवं माप–पुस्तिका में प्रविष्टि करने के बाद ही किया जाय।

(2) The amount payable to the contractor shall be adjusted in respect of the rise or fall in the cost of labour, POL and materials to the work for which appropriate formula shall be prescribed.

(3) To the extent that full compensation for any rise or fall in costs to the contractor is not covered by the provisions of the contract, the unit rates and prices included in the contract shall be deemed to include amounts to cover the contingencies of such other rise or fall of costs. The formulae may be based on weightages of the material/labour/POL and cost indices/base prices. Indices shall be appropriate for their purpose and shall relate to the contractor's proposed source of supply of inputs on the basis of which his contract price shall have been computed.

(4) If any statuary regulations or bye-laws come into force after submission of the bids, which cause additional or reduced cost to the contractor in the execution of the contract, such additional or reduced cost (except which are covered in cost indices) shall be added or deducted from the contract price.

**38. Procurement of works without quotation--**

Works of emergent nature or petty works e.g. minor repair, replacement, clearance of slip for traffic opening can be undertaken up to Rs.15,000/- (Rs. Fifteen thousand) without quotations, with due approval of the competent authority and the officers so authorized shall record the following certificate :--

I........................................am personally satisfied that the works carried out through contractor/division were of the requisite quality and specification.

Signature............................

Name of Officer..................

Designation.........................

**39. Procurement of works on work order basis without call of tenders--**

Work order can be drawn up to an amount of Rs.1,00,000 (Rs. One Lakh) in each case by the competent authority based on quotations from at least three registered contractors. Award of work without call of tender/through work order shall be resorted to only in emergent conditions and suitable reasons should be recorded.

**40. Procurement of works by obtaining of Bids/Tenders--**

Competent Authority shall procure works under different types of contracts like percentage rate, piece rate, item rate, lump sum contract etc. which are detailed below :--

(a) Percentage Rate Contract--

For percentage rate of tenders, the contractors are required to quote rate as overall percentage above or below the total estimated cost. This kind of form of tender can be used in respect of maintenance works, levelling and development works including such works as storm water drainage, water supply and sewer lines. Such percentage rate contract should be confined to maintenance works up to the value of Rs.10,00,000/- (Rs. Ten lakh) only. All other works contract should be well planned and awarded as lump sum contracts.

(b) Item Rate Contract--

For item rate tenders, contractors are required to quote rate for individual items of work on the basis of schedule of quantities. The contractors has to quote the rates against each item of work.

(c) Piece Work Contract--

The contract is used for small pieces of work and not for the complete work. These are particularly useful for maintenance works upto Rs.1,00,000/- (Rs. One lakh). The contract is placed on the basis of spot quotations or even on single quotation principles in remote areas/hilly terrain for immediate and urgent work resulting from cloud burst, land-slide, road block etc., but the rates should either be based on schedule rates or open market price. The payment should be made after measurement and entry in the measurement book.

(घ) एकमुश्त संविदाः—

इस प्रकार की संविदा के अधीन, ठेकेदारों से यह अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित डिजाइन, विशिष्टता तथा वांछित कार्यविधि के अनुरूप एकमुश्त धनराशि कार्य पूरा करने हेतु निर्दिष्ट करें।

**41. शासन द्वारा अनुमोदित मानकीकृत निविदा के अभिलेखों का ही अधिप्राप्ति में उपयोग किया जायेगा।**

**42. एक योजना से जुड़े समस्त कार्यों की एक स्वीकृति—**

(1) कार्यों के समूह को, जो एक परियोजना के ही भाग हैं, एक कार्य मानते हुए ही सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मात्र एक कार्य के लिये ली जाय। मात्र इसलिए कार्य के अलग—अलग टुकड़े न किये जायें कि उच्च स्तर से आवश्यक अनुमति न लेना पड़े। यह प्राविधान ऐसे कार्यों पर लागू नहीं होंगे, जो समान प्रकृति के होते हुए भी अपने में पूर्णतया स्वतंत्र हों।

(2) बचतों के सम्बन्ध में यदि किसी स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष वास्तविक कार्य पूर्ण होने पर कोई बचत हो, तब ऐसी धनराशि का प्रयोग अन्यत्र या अतिरिक्त कार्य में न किया जाय, जब तक कि इस प्रकार की बचतों का उपयोग अन्यत्र करने हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त न कर ली गई हो।

43. विभाग द्वारा स्वयं संनिर्माण की प्रक्रिया—

नियम 30 एवं 31 में दिये गये प्रतिनिधायन के अधीन, यदि किसी विभाग द्वारा स्वयं किसी कार्य को किये जाने का निर्णय लिया जाय, तब निम्नलिखित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय :—

(क) सम्पादित किये जाने वाले ऐसे कार्यों पर संबंधित व्यय की विस्तृत प्रक्रिया विभागीय नियमों में वित्त विभाग के परामर्श से बनायी जाये। ऐसे कार्यों के लिये वित्तीय एवं लेखा के वही नियम होंगे, जो लोक निर्माण विभाग में समान कार्यों हेतु लागू किये जा रहे हों।

(ख) ऐसे कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के पूर्व विस्तृत डिजाइन तथा प्राक्कलन तैयार किया जाय।

(ग) कार्य को तब तक प्रारम्भ न किया जाय जब तक कि सक्षम प्राधिकारी से प्राक्कलन के आधार पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त न कर ली गयी हो।

(घ) जिन कार्यों की लागत रु0 5,00,000 (रु0 पांच लाख) से अधिक हो उसमें खुली निविदा आमंत्रित कर कार्य कराया जाय।

(ङ) जिन कार्यों की लागत रु0 5,00,000 (रु0 पांच लाख) तक हो उन प्रकरणों में सीमित निविदा की प्रक्रिया अपनायी जाय।

(च) कार्य प्रारम्भ करने से पहले संविदा सम्बन्धी अनुबन्ध करना तथा कार्य करने के आदेश दिया जाना अनिवार्य होगा।

(छ) किसी भी प्रकार की संविदा का अन्तिम भुगतान केवल तभी किया जायेगा जब प्रभारी अधिकारी द्वारा कार्य पूरा होने का प्रमाण—पत्र निम्नलिखित प्रारूप में दे दिया गया हो :—

"मैं ——————— अधिशासी अधिकारी का नाम एवं पदनाम ——————— योजना (योजना का नाम) के अधिशासी अधिकारी के रूप में व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट हूँ कि सम्पूर्ण कार्य अनुबन्ध में निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप किया गया है तथा कार्य की गुणवत्ता और शिल्प (वर्कमैनशिप) इस कार्य के लिए निर्धारित विशिष्टताओं एवं मानकों के अनुरूप है।"

..............................

(अधिशासी अधिकारी के हस्ताक्षर)।

(ज) लोक निर्माण संगठन को सौपें गए मूल कार्य तथा मरम्मत/अनुरक्षण/रखरखाव कार्य यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्पादित किया जाना हो, तो सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा इन नियमों और वित्तीय शक्तियों के प्रतिनिधायन के अनुसार प्रशासकीय अनुमोदन एवं वित्तीय स्वीकृति दी जायेगी तथा कार्य के सम्पादन हेतु समय से धनराशियां उपलब्ध करायी जायें। लोक निर्माण संगठन द्वारा स्थापित नियमों एवं प्रक्रियाओं का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाय, ताकि कार्य निर्धारित समयावधि एवं प्राक्कलित धनराशि की सीमा में पूरा किया जाय। ऐसे लोक निर्माण संगठन सुनिश्चित करेंगे कि उनके नियम एवं प्रक्रियायें उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 के असंगत न हों।

(d) Lump sum Contract--

This form is used for work in which contractors are required to quote a lump sum figure for completing the works in accordance with the given designs, specifications and functional requirements.

**41.** All procurement shall be made under standardized bidding documents approved by the government.

**42. Sanction for a Group of Works Forming One Project--**

(1) A group of works which forms one project shall be considered one work, and technical, administrative and financial approval from the competent authority should be taken as one work. The work should not be split just to avoid the procedure of getting the needed approval of the higher authority. This provision, however, shall not apply in case of works of similar nature, which are independent of each other.

(2) In Case of Savings any anticipated or actual savings from sanctioned estimates for a specific project shall not be used either for additional work or any other work not contemplated in the original project without prior approval of the Competent Authority.

**43. Procedure for Execution of Works by Department itself--**

Subject to the delegations prescribed in Rule-30 and 31, the broad procedure to be followed by a Department for execution of works under its own arrangement shall be as under:--

(a) The detailed procedures relating to expenditure on such works shall be prescribed by departmental regulations framed in consultation with the Finance Department. The procedures shall be generally based on the principles underlying the financial and accounting rules for similar works carried out by the Public Works Department (P.W.D.).

(b) Preparation of detailed design and estimates shall precede any sanction for works.

(c) No work shall be taken up before issue of administrative and financial approval by the Competent Authority on the basis of estimates framed.

(d) Open tenders will be called for works costing above Rs. 5,00,000/- (Rs. Five lakh).

(e) Limited tenders will be called for works costing upto Rs. 5,00,000/- (Rs. Five lakh).

(f) Execution of contract agreement or award of work should be done before commencement of the work.

(g) Final payment for work shall be made only on the personal certificate of the officer-in-charge of execution of the work in the format given below :--

"I.................................Executive Officer of ................................. (Name of the Scheme), am personally satisfied that the whole work has been executed as per the specifications laid down in the contract agreement and the workmanship/quality is upto the standards followed in the subject."

.........................................

(Signature of Executive Officer)

Procedure for Execution of Work by Public Works Organization :--

(h) For original works and repair/maintenance/upkeep works entrusted to Public Works Organization, the administrative approval and financial sanction shall be accorded and funds allotted by the concerned authority under these rules and in accordance with the delegation of financial powers. The Public Works Organization shall execute the work entrusted to it in accordance with the rules and procedures in that organization to complete the work within given time and estimates. However, the Public Works Organisation will ensure, its rules and procedures are not inconsistent with the Uttarakhand Procurement Rules, 2008.

(झ) निविदा आमंत्रण के मानक एवं प्रक्रियायें वही होंगी, जैसा कि सामग्री के लिए अध्याय–2 में विहित की गयी हैं। छोटे एवं बिखरे कार्य, जिनकी सम्पूर्ण लागत रु0 5,00,000 (रु0 पांच लाख) तक हो और यह कार्य सम्पूर्ण कार्य का एक छोटा भाग हो तथा कार्यस्थल ऐसे कठिन पर्वतीय एवं दूरस्थ इलाके में हो जहाँ पर्याप्त संख्या में ठेकेदार उपलब्ध न हों और ठेकेदारों से कार्य संचालन में अनुचित रूप से अधिक लागत की सम्भावना हो, ऐसे प्रकरण में अनुबन्ध दर या मानक दरों पर एकल स्रोत निविदा के आधार पर कार्य कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कार्यकारी प्राधिकारी को यह प्रमाण–पत्र देना होगा कि कार्य तात्कालिक था तथा निविदा आमंत्रित किया जाना संभव नही था तथा ऐसी परिस्थितियों का उल्लेख करना होगा जिनके कारण एकल स्रोत से कार्य कराया गया। ऐसे प्राधिकारी एकल स्रोत से कार्य कराने की सूचना नियंत्रण अधिकारी को भी कार्य सम्पादन से एक माह के भीतर उपलब्ध करायेंगे।

44. विवाद निवारण की प्रक्रिया–

(एक)(क) निविदा दस्तावेज में ही विवाद निवारण की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से इंगित की जाय। इसे विवाद निवारण परिषद् (डिस्प्यूट रिजल्यूशन बोर्ड) के माध्यम से किया जा सकता है।

(ख) विवाद किसी भी प्रकार का हो सकता है यथा–अधिप्राप्तिकर्ता एवं ठेकेदार के मध्य संविदा या कार्य के क्रियान्वयन के दौरान या कार्य पूर्ण होने के बाद, कार्य अस्वीकार करने या समाप्ति के पहले या बाद में, जिसमें उभय पक्ष के किसी कार्य निष्क्रियता, विचार, अनुदेश, निर्धारण, अभियन्ता के प्रमाणीकरण या मूल्याँकन के कारण अधिप्राप्ति इकाई और ठेकेदार के बीच कोई विवाद उत्पन्न होता है तो ऐसे विवाद का प्रकरण प्रथमतः विवाद निवारण परिषद् को सन्दर्भित किया जाय।

(ग) निर्माण कार्य समिति विवाद निवारण परिषद के रूप में कार्य कर सकती है। यदि विवाद निवारण हेतु आवश्यक हो, तो परिषद् किसी अन्य अधिकारी को सहयोजित कर सकती है।

(दो)(क) माध्यस्थम (आरबिट्रेशन)

ऐसे सभी प्रश्न या विवाद, जो कार्य विशिष्टि, डिजाइन, रेखाचित्र (ड्राइंग) एवं अनुदेश से सम्बन्ध रखते हों या कार्यकुशलता की गुणवत्ता या कार्य में उपयोग की गयी सामग्री या अन्य प्रश्न, दावा, अधिकार, ऐसे विषय जो संविदा, डिजाइन, ड्राइंग, मानकीकरण, प्राक्कलन, अनुदेश, आदेश या इनकी शर्तों से सम्बन्धित हो या कार्य से जुड़े विषय या क्रियान्वयन की असफलता, जो कार्य की प्रगति या निरस्तीकरण, समापन, पूर्णता, या त्यागने से उत्पन्न हो तो प्रकरण प्राधिकृत मध्यस्थ (आरबिट्रेटर) की मध्यस्थता के माध्यम से न्याय निर्गत किये जाने हेतु सन्दर्भित किया जाय। माध्यस्थम (आरबिट्रेशन) का संचालन माध्यस्थम (आरबिट्रेशन) कैन्सीलिऐशन एक्ट, 1996 के प्राविधानों या तद्विषयक सांविधिक संशोधन, पुनर्धिनियमितीकरण तथा उसके अधीन बनायी गयी प्रभावी नियमावली हो, माध्यस्थम की कार्यवाही पर तथा तत्समय लागू होगी।

(ख) ऐसा अधिकारी, जिसका स्तर राज्य सरकार में अपर सचिव से कम न हो या मध्यस्थों की अधिकृत सूची से यदि कोई हो, जो शासन द्वारा बनाई गयी हो, को मध्यस्थ के रूप में ऐसे नियुक्ति प्राधिकारी, जिसका स्तर सरकार में सचिव स्तर से कम न हो, द्वारा नियुक्त किया जा सकता है। निविदा दस्तावेजों में मध्यस्थ (आरबिट्रेटर) के नियुक्ति प्राधिकारी की परिभाषा को स्पष्ट किया जाय।

45. सामग्री अधिप्राप्ति एवं निर्माण कार्य का क्रियान्वयन–

कोई विषय, जो विशेष रूप से इस अध्याय से आच्छादित न हो, उसका सन्दर्भ अध्याय–2 में देखा जा सकता है यदि वह ऐसे अध्याय में समाहित है तथा निर्माण कार्य को समुचित रूप से पूरा कराने से सीधे सम्बन्धित हो।

(i) The procedures and practices laid down in chapter-2 for goods shall be adopted for works also. For small works, where the estimated cost is up to Rs.5,00,000/- (Rs. Five lakh) and such work is a small component of the total project, or works, which are small and scattered or are situated in remote areas/hilly terrain where adequate number of contractors may not be available or where mobilization costs for contractors would be unreasonably high, the work may be executed on the basis of single source procurement either on the basis of schedule rates or standardized rates. However, in such case the executive authority will certify that the work was urgent and bidding was not feasible outlining the circumstance of adopting the single source procurement. Such authority will also inform his Controlling Officer within one month whenever a work is executed by single source procurement.

**44. Dispute Resolution Mechanism--**

(i) (a) A dispute resolution mechanism shall be specified clearly in the bidding document. It may be through a Disputes Resolution Board.

(b) If a dispute of any kind, whatsoever, arises between the procuring entity and contractor in connection with or arising out of the contract or the execution of the works, whether during the execution of the works or after their completion and whether before or after the repudiation or termination of the contract, including any disagreement by either party with any action, inaction, opinion, instruction, determination, certificate or valuation of the Engineer; the matter in dispute shall, in the first place, be referred to the Dispute Resolution Board.

(c) The Works Committee may act as Dispute Resolution Board. The board may co-opt any other officer, if required for dispute resolution.

(ii) Arbitration :--

(a) All questions and disputes relating to the meaning of the specifications, design, drawings and instructions herein and as to the quality of workmanship or materials used on the work or as to any other question, claim, right, matter or thing, whatsoever in any way arising out of or relating to the contract, designs, drawings, specifications, estimates, instructions, orders or these conditions or otherwise concerning the works or the execution or failure to execute the same, whether arising during the progress of the work or after the cancellation, termination, completion or abandonment thereof, shall be referred to a sole arbitrator for adjudication through arbitration. The arbitration shall be conducted in accordance with the provisions of the Arbitration and Conciliation Act, 1996 or any statutory modifications or re-enactment thereof and the rules made there under and for the time being in force, shall apply to the arbitration proceedings.

(b) An officer, not below the rank of Additional Secretary to the State Government or from the panel or Arbitrators, if any, drawn by the Government, may be appointed to act as arbitrator by an Appointing Authority, which should normally be an officer not below the rank of Secretary to the Government. The Appointing Authority for an arbitrator should be clearly defined in the bidding document.

**45. Procurement of Goods and Execution of Works--**

Any point not covered specifically in this chapter can be referred to in chapter-2. If the same has been referred to in that chapter and has direct relevance for proper completion of the work.

## गुणवत्ता नियंत्रण एवं भुगतान प्रक्रिया

46. निर्माण कार्य का निरीक्षण–

(1) पर्यवेक्षक अभियन्ता द्वारा कार्य का निरन्तर निरीक्षण किया जाय ताकि यह सुनिश्चित हो कि कार्य संविदा में विहित विशिष्टताओं के अनुसार क्रियान्वयन किया जा रहा है। निरीक्षण का उद्देश्य यह भी है कि परियोजना के क्रियान्वयन में गतिरोध को चिन्हित कर उसका निवारण किया जाय।

(2) गुणवत्ता के मानकों को सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में "गुणवत्ता विश्वसनीयता प्रकोष्ठ" (क्वालिटी एश्योरेन्स सेल) बनाया जायेगा जिसमें अनुभवी तकनीकी कार्मिक/अभियंता होंगे और जो निष्पादित किये जा रहे निर्माण कार्य व सामग्री तथा कार्य पूर्ण होने के तीन माह के अन्दर गुणवत्ता का अनुपालन सुनिश्चित करेंगें। गुणवत्ता विश्वसनीयता प्रकोष्ठ का प्रमुख (हेड) वरिष्ठ अधिकारी होगा जो सीधे विभागाध्यक्ष तथा शासन के अधीन होगा और वह सामान्यतया कम से कम तीन माह या विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार, अपनी आख्या प्रस्तुत करेगा। यह प्रकोष्ठ रु0 1,00,00,000 (रु0 एक करोड़) से अधिक लागत के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगा। रु0 1,00,00,000 (रु0 एक करोड़) से कम लागत के कार्य को समय से एवं गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराने का दायित्व विभागीय अधिकारी का होगा। सड़क के कार्य को छोड़कर रु0 25,00,000 (रु0 पच्चीस लाख) से कम लागत के कार्यों की गुणवत्ता को उक्त कार्य के क्रियान्वयन करने वाले निर्माण अभिकरण सम्बन्धित के तकनीकी अधिकारी तथा विभाग के स्थानीय अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। ऐसे कार्य के लिए, जिनकी लागत रु0 5,00,00,000 (रु0 पांच करोड़) से अधिक हो, विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे कि अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त बाहरी सलाहकार या विशेषज्ञों से युक्त एक स्वतंत्र "तृतीय निरीक्षण प्राधिकारी" (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन) नियुक्त किया जाय। यदि विभागाध्यक्ष के पास ऐसे तृतीय निरीक्षण प्राधिकारी गठन करने के संसाधन उपलब्ध न हों तो रु0 5,00,00,000 (रु0 पांच करोड़) से अधिक कार्य हेतु राज्य स्तरीय "तकनीकी सम्परीक्षा प्रकोष्ठ" द्वारा उन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कम से कम वर्ष में एक बार तथा निर्माण कार्य की निरन्तरता के दौरान कम से कम दो बार अवश्य किया जाय।

(3) परियोजना अनुश्रवण प्रणाली–

(एक) कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व प्रत्येक कार्य की अधिप्राप्ति हेतु परियोजना अनुश्रवण प्रणाली तैयार की जाय तथा उसे कार्यस्थल पर उपलब्ध होना चाहिए। गुणवत्ता विश्वसनीयता प्रकोष्ठ (क्यू0ए0सी0) द्वारा प्रत्येक त्रैमास/मास के अन्तराल के आधार पर अनुश्रवण किया जायेगा तथा सचिव तथा सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष को विश्वसनीयता प्रास्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

(दो) अत्याधिक लागत के कार्यों (जिनकी धनराशियां स्पष्ट की जायँ) की संविदा में यह भी प्राविधान किया जाय कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित कम्प्यूटरीकृत रूप में मासिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की जाय। प्रगति आख्या में अन्य अपेक्षित विशिष्टताओं के अतिरिक्त निम्नलिखित विवरणों का उल्लेख किया जाय:–

(क) परियोजना सम्बन्धी सूचना, जिसमें संविदा की प्रमुख विशिष्टताओं का उल्लेख हो,

(ख) संविदा के अधीन होने वाले कार्य की प्रमुख संरचनाओं एवं अन्य विषयों का सूक्ष्म परिचय एवं विषयवस्तु (स्कोप),

(ग) स्तम्भ तालिका की समय सारणी (बारचार्ट) के माध्यम से कार्य के विभिन्न घटकों के लिए अगले तीन त्रैमासों में, जितना विनिर्दिष्ट किया जाए, लक्ष्य (माइलस्टोन्स), कार्य का लक्ष्य तथा अद्यावधिक प्रगति हुई जिसमें उल्लेख किया जाय। तालिका में कार्य के विभिन्न घटकों का माह में तथा माह तक जो लक्ष्य निर्धारित था और वास्तव में किया गया एवं विचलन, यदि कोई हो, के कारणों सहित प्रगति तालिका (चार्ट),

(घ) संयंत्र तथा मशीनों का विवरण, जो कार्य में लगायी गयी हो तथा उनकी कार्यशीलता की प्रास्थिति,

(ङ) जनशक्ति विषयक विवरण में कार्य में तैनात प्रत्येक कर्मचारी का नाम तथा पदनाम,

(च) वित्तीय विवरण, जिसमें प्रमुख विवरण यथा सभी चालू खातों का अद्यावधिक भुगतान, जिसमें किये गये कार्य का सकल मूल्य, लिया गया अग्रिम, की गयी वसूलियां, रोकी गयी धनराशि, शुद्ध भुगतान, चेक द्वारा प्राप्त भुगतान आदि दर्शाया जाए,

(छ) ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किये गये अतिरिक्त या प्रतिस्थापित वस्तुएं तथा उनके सापेक्ष प्राप्त किये गये भुगतान, बैंक गारण्टी का विवरण तथा उसकी वैधता की तिथि, ठेकेदार द्वारा ली गयी बीमा योजना (यदि कोई हो), अग्रिम के रूप में प्राप्तियां तथा विभाग द्वारा उसका समायोजन आदि,

(ज) विभिन्न वस्तुओं/कार्यों/घटकों का रंगीन फोटो, जो अद्यावधिक किये गये कार्य की प्रगति दर्शाता हो,

## Quality Control & Payment Procedures

### 46. Inspection of Works--

(1) Inspection of works shall be carried out by the engineer, supervising the works to ensure that the works are executed as per specifications laid down in the works contract. Purpose of inspection is also to identify and remove hindrances, if any, being faced in execution of the project.

**(2) Quality Assurance--**

A Quality Assurance Cell shall be formed by the Government in every district, comprising experienced technical personnel/engineers to ensure the compliance of quality standards both of material and works under execution and within three months of completion. This Quality Assurance Cell will be headed by a senior officer, who will report directly to the concerned Head of Department and Government at least once in three months in normal course and as and when required in specific circumstances. The Cell will ensure quality standards for works above Rs.1,00,00,000 (Rs one crore). For works less than Rs.1,00,00,000 (Rs one crore), the departmental officer will ensure timely and quality based completion. For works other than roads costing less than Rs.25,00,000 (Rs Twenty five lakh), the concerned technical officer of the construction agencies as well as local departmental officers will directly ensure the quality. For works costing more than Rs.5,00,00,000 (Rs. Five crores), the Head of Department will ensure the appointment of a Third Party Inspection Authority, which may be an outside Consultant or a Professional of requisite experience & repute. In case the Department does not have the resources for this Third Party inspection, the Technical Audit Cell of the State will make on the spot checks of the works costing more than Rs. 5,00,00,000 (Rs. five crore) once a year and at least twice during the continuity of work.

**(3) Project Monitoring System--**

(i) A system of project monitoring for each work procurement shall be prepared before start of the work and same shall be available at site of work. The work shall be monitored quarterly/ monthly basis by the Quality Assurance Cell and a status report should be submitted to the Secretary and Head of Department in charge of the concerned Department.

(ii) There should be a stipulation in the contract for large value works (magnitude to be specified), for the contractor to submit monthly progress report of the work in a computerized form. The progress report shall contain the following apart from whatever else may be required to be specified :--

- (a) Project information, giving the broad features of the contract,
- (b) Introduction, giving a brief scope of the work under the contract and the broad structural or other details,
- (c) Construction schedule of the various components of the work through a bar chart for the next three quarters or as may be specified, showing the milestones, targeted tasks and up-to-date progress,
- (d) Progress chart of the various components of the work that are planned and achieved, for the month as well as cumulative up to the month, with reasons for deviations, if any, in a tabular format,
- (e) Plant and machinery statement, indicating those deployed in the work, and their working status,
- (f) Man-power statement, indicating individually the names of all the staff deployed in the work along with their designations,
- (g) Financial statement, indicating the broad details of all the running account payments received up-to-date, such as gross value of work done, advances taken, recoveries effected, amounts withheld, net payments, details of cheque payments received, etc.,
- (h) A statement showing the extra and substituted items submitted by the contractor, and the payments received against them, broad details of the bank Guarantees, indicating clearly their validity periods, broad details of the insurance policies taken by the contractor, if any, the advances received and adjusted from the department, etc.,
- (i) Progress photographs, in colour, of the various items/components of the work done up-to-date, to indicate visually the actual progress of the work,

(झ) माह में गुणवत्ता विश्वसनीयता तथा गुणवत्ता नियंत्रण विषयक किये गये परीक्षण तथा उनका परिणाम,

(ञ) किसी भी प्रकार की रुकावट का उल्लेख, तथा

(ट) यदि कोई विवाद हो, उसका उल्लेख।

47. माप पुस्तिका–

(1) संविदा के सापेक्ष किये गये अधिकतर निर्माण कार्यों का भुगतान माप पुस्तिका में अंकित माप के आधार पर किया जाए। इस प्रकार की माप पुस्तिकाओं को नियत अवधि पर अद्यावधिक किया जाय तथा विहित मानकों के अनुसार माह में कम से कम एक बार भुगतान किया जाय। माप पुस्तिका का रखरखाव सामान्यतः कनिष्ठ अभियन्ता या अन्य प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा किया जाय, जिनका यह दायित्व होगा कि विहित समय सीमा के अधीन उसे पूरा करें तथा तद्नुसार देयकों (बिलों) को तैयार करें। देयक ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षरित किया जाय तथा माप पुस्तिका एवं देयकों का परीक्षण सहायक अभियन्ता या अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाय, जिसका पुनः परीक्षण लेखा प्राधिकारी द्वारा किया जाय एवं अधिशासी अभियंता द्वारा भुगतान किया जाय। अधिशासी अभियंता के लिए देयक भुगतान स्वीकृत करने से पूर्व कार्य की प्रगति एवं अन्य विवरणों से सन्तुष्ट होना आवश्यक होगा। इस प्रकार के देयकों से यदि विधि अनुसार कोई कर, शुल्क अथवा अग्रिम की कटौती की जानी हो, तो ऐसे देयकों से कटौती की जाय। चालू देयकों में दिखाये गये भुगतान संपूर्ण कार्य के अन्तिम भुगतान के सापेक्ष क्रमिक भुगतान (रनिंग पेमेण्ट) माना जाएगा।

(2) भुगतान, संविदा में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के आधीन सोपानों में किया जाये तथा सक्षम प्राधिकारी प्रत्येक सोपान (स्टेप) के भुगतान का प्रमाणीकरण करेगा।

48. ठेकेदारों को निर्माण कार्यों हेतु अग्रिम–

(1) साधारणतया ठेकेदारों को अग्रिम दिया जाना वर्जित है तथा किये गये वास्तविक कार्य के सापेक्ष ही भुगतान किया जाय। शासन अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थापित नियमों तथा प्रक्रियाओं के अधीन कुछ पूर्व से परिभाषित उपयोगों में अपवाद अनुमन्य किये जा सकते हैं। इस प्रकार के कुछ उदाहरणों में निम्नलिखित को सम्मिलित कर सकते हैं :–

(क) संचालन अग्रिम (मोबिलाइजेशन एडवान्स),

(ख) उपस्कर एवं मशीन हेतु अग्रिम तथा

(ग) निर्माण कार्य की प्रगति में तीव्रता लाने हेतु अग्रिम।

(2) अग्रिम, अग्रिम धनराशि के समायोजन अथवा कटौती तक, ब्याज की शर्त के अधीन स्वीकृत किये जायेंगे। अग्रिम की वसूली या समायोजन सुनिश्चित करने के लिए बैंक गारन्टी अथवा अन्य धरोहर राशि ली जाय। यदि बैंक गारन्टी ली जाए तो उसे स्वीकार करने के पूर्व बैंक गारन्टी की अधिप्रमाणिकता एवं वैधता की अवधि की जाँच की जाए।

## अध्याय–4

## सेवाओं की अधिप्राप्ति

49. सेवाओं का विवरण–

(1) विभाग/सक्षम प्राधिकारी किसी विशिष्ट कार्य के लिए वाह्य व्यवसायिक विशेषज्ञों, परामर्श देने वाली फर्मों/परामर्शी आदि को विहित शर्तों एवं समय सारणी के अधीन कार्य पूर्ण करने के लिए किराये पर या वाह्य सेवाओं के आधार पर ले सकता है।

(2) परामर्शी द्वारा कराये जाने वाले कार्य/सेवाओं की पहचान हेतु परामर्शदाताओं को केवल ऐसी उच्च स्तरीय विशेष सेवाओं/परिस्थितियों के लिए लगाया जाय जिनके लिए सामान्यतः सम्बन्धित विभाग/सक्षम प्राधिकारी के पास आवश्यक विशेषज्ञता उपलब्ध न हो। परामर्शी/परामर्शियों की नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(3) विभाग/सक्षम प्राधिकारी संक्षेप में, सरल भाषा में, दिये गये कार्यों के सम्बन्ध में आवश्यकता, उद्देश्य तथा विषय वस्तु तैयार करेंगे। इसी समय परामर्शियों द्वारा पूर्ण की जाने वाली अर्हता एवं पूर्व निर्धारित योग्यता के मानक स्पष्टतः चिन्हित किए जायें।

(4) सम्बन्धित विभाग/सक्षम प्राधिकारी द्वारा, जो परामर्शदाताओं को लगाना चाहते हैं, खुले बाजार की दरों को सुनिश्चित कर तथा अन्य संस्थाओं से, जो इस प्रकार के कार्य करती हों, विचार–विमर्श कर युक्तियुक्त व्यय का आगणन बनाया जाय।

(j) Quality assurance and quality control tests conducted during the month, with the results thereof,

(k) Any hold -up shall be specified, and

(l) Dispute, if any, shall also be highlighted.

**47. Measurement Book--**

(1) Most of the contracts for works are paid on the basis of measurements entered in measurement book. Such measurement book should be updated periodically and payment should be made at least once a month as per prescribed standards. The measurement books should be maintained by junior engineers or any other authorized person who shall be responsible for completing it in the prescribed time and preparing the bills on prescribed form accordingly. The bill is signed by the contractor. Such measurement book and bills should be examined by the Assistant Engineer or other Competent Authority and these are further checked by the accounting authority and payment is made by the Executive Engineer. The Executive Engineer should be satisfied with the progress of works and other details before allowing the payment. If any tax, fee, advances are due for deduction from the bills in accordance with law, the same should be deducted from such bills. The payments shown in current bill should be treated as running payment against the final payment of the whole work.

(2) The payment should be made in accordance with steps shown in terms and conditions of the contract and the Competent Authority should certify the payment at each step.

**48. Advance to Contractors for Works--**

(1) Ordinarily, advances to contractors are prohibited and payment should be made only against the work actually done. However, exceptions may be permitted in a few predefined uses only with the sanction of the Government or by the Competent Authority on the basis of established rules and procedure. Some of these instances may include :--

(a) mobilization advance,

(b) advance against machinery equipment,

(c) advance for accelerating progress of works.

(2) The advances shall be subject to payment of interest, till the amount is deducted or adjusted. A bank guarantee or adjustment of advance should be taken to secure the repayment or adjustment of advance. In case bank guarantee is taken its authenticity and validity period should be checked before acceptance.

## CHAPTER-4

### Procurement of Services

**49. Details of Services--**

